**विधान परिष्द के द्वितीय सत्र 2023 के प्रथम बुद्धवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तरालेख ।**

| प्रश्न | | | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 8 | (क) | क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज व झॉसी मण्डल में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत कितनी नई बसें नई रुटों पर संचालित करने की योजनाए है ? | परिवहन निगम के प्रयागराज क्षेत्र के अंतर्गत प्रतापगढ मिर्जापुर, प्रयागराज एवं कौशाम्बी जनपद है । प्रयागराज मण्डल का जनपद फतेहपुर परिवहन निगम के कानपुर क्षेत्र के अंतर्गत है ।<br>प्रयागराज क्षेत्र के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 22 नई निगम बसों का संचालन विभिन्न मार्गों पर कराया जाता है। नवीन बस अनुबंधन योजना के अंतर्गत कुल 28 नई बसों का अनुबंध किया गया है । अग्रेतर नई बसें प्राप्त होने पर विभिन्न मार्गों पर 27 बसों को संचालित कराये जाने की योजना है ।<br>कानपुर क्षेत्र स्थित प्रयागराज मण्डल के जनपद फतेहपुर में स्थापित परिवहन निगम के डिपों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 08 नई निगम बसों का संचालन विभिन्न मार्गों पर कराया जा रहा है तथा नवीन बस अनुबंध योजना के अंतर्गत 07 नई बसों का अनुबंध किया गया है । नई बसें प्राप्त होने पर विभिन्न मार्गों पर 10 बसों का संचालित कराये जाने की योजना है ।<br>झाँसी मण्डल से 07 नये मार्गो पर 12 नई बसें संचालित करने की योजना है। |
| | (ख) | उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | जी हां।<br>विवरण संलग्न है। |
| | (ग) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में नई संचालित बसों का विवरणः–**

**<u>प्रयागराज क्षेत्र द्वारा संचालितः–</u>**

1. प्रयागराज क्षेत्र के विभिन्न जनपदों यथा प्रतापगढ़, मिर्जापुर, प्रयागराज एवं कौशाम्बी से कुल 08 नई बसें राजधानी एक्सप्रेस सेवा के रूप में दिल्ली हेतु संचालित की गयी हैं।
2. प्रयागराज क्षेत्र के लीडररोड डिपो से प्रयागराज–हल्द्वानी मार्ग पर 02 नई बसों का संचालन किया जा रहा है।
3. प्रयागराज क्षेत्र के प्रयाग डिपो से प्रयागराज–बहराइच मार्ग पर 02 नई बसों का संचालन किया जा रहा है।
4. प्रयागराज क्षेत्र के जीरो रोड डिपो से प्रयागराज–सहारनपुर मार्ग पर 02 नई बसों का संचालन किया जा रहा है।
5. प्रयागराज क्षेत्र के जीरो रोड डिपो से प्रयागराज–दिल्ली मार्ग पर 02 नई बसों का संचालन किया जा रहा है।
6. प्रयागराज क्षेत्र के सिविल लाइंस डिपो से प्रयागराज–गोरखपुर मार्ग पर 02 नई बसों का संचालन किया जा रहा है।
7. प्रयागराज क्षेत्र के मिर्जापुर डिपो से मिर्जापुर–लखनऊ–शक्तिनगर मार्ग पर 01 नई बस का संचालन किया जा रहा है।
8. प्रयागराज क्षेत्र के मिर्जापुर डिपो से मिर्जापुर–लखनऊ मार्ग पर 02 नई बसों का संचालन किया जा रहा है।
9. प्रयागराज क्षेत्र के मिर्जापुर डिपो से मिर्जापुर–कानपुर मार्ग पर 01 नई बस का संचालन किया जा रहा है।

**जनपद फतेहपुर से संचालितः–**

10. फतेहपुर से कानपुर–दिल्ली–प्रयागराज मार्ग पर 02 राजधानी बसें संचालित की जा रही है।
11. फतेहपुर से जहानाबाद–पुखरायां–इटावा–आगरा–मथुरा मार्ग पर 02 बसें संचालित की जा रही है।
12. फतेहपुर से कानपुर–प्रयागराज–बलिया मार्ग पर 02 बसें संचालित की जा रही है।
13. फतेहपुर से प्रयागराज–कानपुर–जहानाबाद–अमौली मार्ग पर 02 बसें संचालित की जा रही है।

प्रयागराज क्षेत्र द्वारा नवीन बस अनुबंधन योजना के अन्तर्गत कुल 28 नई बसों का अनुबंध कर विभिन्न मार्गों पर संचालित किया जा रहा हैं।

जनपद फतेहपुर से संचालित फतेहपुर डिपो द्वारा नवीन बस अनुबंधन योजना के अन्तर्गत कुल 08 नई बसों का अनुबंध कर विभिन्न मार्गों पर संचालित किया जा रहा हैं।

**प्रयागराज क्षेत्र हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में 27 नई बस प्राप्त होने पर संचालन हेतु प्रस्तावित/विचाराधीन मार्गों का विवरणः–**

1. प्रयागराज–रेनूकूट 01 बस सेवा
2. मिर्जापुर–प्रयागराज–बीजपुर 02 बस सेवा
3. मिर्जापुर–गोरखपुर 01 बस सेवा
4. प्रयागराज–बस्ती वाया टाण्डा 01 बस सेवा
5. प्रयागराज–गोण्डा–बलरामपुर 01 बस सेवा
6. प्रयागराज–सिद्धार्थनगर 01 बस सेवा
7. प्रयागराज–कानपुर–बदायूँ 02 बस सेवा

8. प्रयागराज–कानपुर–झॉसी–वाराणसी 02 बस सेवा
9. प्रयागराज–कानपुर–आगरा–मथुरा 02 बस सेवा
10. प्रयागराज–झॉसी 02 बसें
11. प्रयागराज–आगरा 02 बसें
12. प्रयागराज–वाराणसी 04 बसें
13. प्रतापगढ़–कुण्डा–प्रयागराज 02 बसें
14. प्रतापगढ़–बादशाहपुर–प्रयागराज 02 बसें
15. बादशाहपुर–प्रयागराज–मंझनपुर–चित्रकूट–बॉदा 02 बसें

**जनपद फतेहपुर से संचालित फतेहपुर डिपो द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में 10 नई बस प्राप्त होने पर संचालन हेतु प्रस्तावित/विचाराधीन मार्गों का विवरणः–**

16. फतेहपुर–कानपुर–इटावा–आगरा–प्रयागराज 02 बस सेवा।
17. फतेहपुर–पुखराया–इटावा–दिल्ली एक्सप्रेस वे 02 बस सेवा।
18. फतेहपुर–भोजपुर–उन्नाव–बॉगरमऊ–दिल्ली 02 बस सेवा
19. फतेहपुर–कानपुर–मैनपुरी–आगरा–प्रयागराज 02 बस सेवा।
20. फतेहपुर–प्रयागराज–अयोध्या 02 बस सेवा।

झाँसी मण्डल में झाँसी, जालौन तथा ललितपुर कुल 03 जनपद हैं, जिसमें जनपद ललितपुर चार दिशाओं से मध्य प्रदेश से घिरा हुआ है, तथा झाँसी से ललितपुर मार्ग अराष्ट्रीयकृत के साथ अन्तर्राज्यीय मार्ग है, जिस पर एस0टी0ए0 लखनऊ द्वारा परमिट जारी किये जाते हैं। जनपद झाँसी तीन दिशाओं से मध्य प्रदेश राज्य की सीमाओं से घिरा हुआ है। उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश राज्य के मध्य परिवहन यातायात समझौता वर्ष 2006 के अन्तर्गत निर्धारित मार्गों पर निगम बसों का संचालन कराया जा रहा है। जनपद जालौन दो दिशाओं से मध्य प्रदेश की सीमाओं से घिरा हुआ है। शेष दो दिशायें अराष्ट्रीयकृत मार्गों से आच्छादित हैं। कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023–24 में निम्न मार्गों पर संचालन कराया जाना प्रस्तावित है।

**<u>झांसी मण्डल के नये मार्गो पर नई बसों के संचालन की विचाराधीन कार्ययोजना</u>**

| क्रम संख्या | मार्ग का नाम | बसों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कोंच से वाराणसी वाया उरई, कानपुर, प्रयागराज | 02 |
| 2 | राठ से पीलीभीत वाया उरई, इटावा, फर्रुखाबाद, बरेली | 02 |
| 3 | कोंच से रायबरेली वाया उरई कानपुर | 01 |
| 4 | झांसी से दिल्ली वाया एट, कोंच, जालौन, ओरैया इटावा ,अलीगढ़ | 02 |
| 5 | झांसी से गोरखपुर वाया उरई कानपुर, लखनऊ | 02 |
| 6 | उरई से बदायूँ वाया जालौन औरया इटावा, एटा | 02 |
| 7 | झांसी से बॉदा वाया उरई जोल्हुपुर मोड़, हमीरपुर | 01 |